Raj Express (Indore), 20th June 2026, Page - 04

भारत इनोवेट्स 2026: फ्रांस में आईआईटी इंदौर ने प्रदर्शित की भारत की नवाचार उत्कृष्टता

इंदौर। आईआईटी इंदौर ने भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष के अंतर्गत फ्रांस के नीस शहर में आयोजित वैश्विक नवाचार सम्मेलन भारत इनोवेट्स 2026 में भारत के सशक्त नवाचार व अनुसंधान पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतिनिधित्व किया। तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय आयोजन में विश्वभर से अग्रणी डीप-टेक स्टार्टअप्स, प्रमुख शैक्षणिक संस्थान, निवेशक, उद्योग जगत के विशेषज्ञ, नीति-निर्माता व नवाचार क्षेत्र के विभिन्न हितधारक शामिल हुए। आईआईटी इंदौर ने अपने संकाय सदस्यों, शोधकर्ताओं व नवप्रवर्तकों की ओर से विकसित अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों, प्रभावशाली अनुसंधान उपलब्धियों व नवाचार-आधारित समाधानों का प्रदर्शन किया। आईआईटी इंदौर के प्रतिनिधिमंडल में निदेशक प्रोफेसर सुहास जोशी, अनुसंधान एवं विकास के अधिष्ठाता प्रोफेसर अभिरूप दत्ता, प्रियंका किम्मतकर व आईआईटीआई दृष्टि सीपीएस फाउंडेशन का प्रतिनिधित्व कर रही सीए सलोनी महेश्वी शामिल थीं।